स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल
पतंजलि योगपीठ के दिशा निर्देशन में

Swami Darshananand Gurukul
Under the Guidance of Patanjali Yogpeeth

सत्र 2026–2027 के लिए प्रवेश प्रारम्भ
कक्षा–5 (केवल बालकों) हेतु

स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल (गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर) की स्थापना विक्रम संवत् 1964 (सन् 1907) को माँ गंगा के पावन सान्निध्य में हरिद्वार की पुण्य भूमि पर तार्किक शिरोमणि, शास्त्रार्थ महारथी, दर्शनों के मूर्द्धन्य विद्वान पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी महाराज के करकमलों द्वारा की गई।

वर्तमान में इस गुरुकुल का संचालन परम श्रद्धेय पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं परम श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन तथा पतंजलि योगपीठ के दिशा निर्देशन में वर्ष 2023 से वैदिक शिक्षा शोध संस्थान के माध्यम से किया जा रहा है। गुरुकुल में वैदिक एवम् आधुनिक शिक्षा का एक अद्भुत समन्वय है। यह एक आवासीय शिक्षण संस्थान है, यहाँ कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान की जाती है। यहाँ आधुनिक विषयों के साथ सनातन वैदिक परम्परा के परिचायक वेद, दर्शन, उपनिषद्, श्रीमद्भगवद्गीता, पंचोपदेश आदि के अध्ययन की सुन्दर व्यवस्था है। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस शिक्षा पद्धति में निष्णात विद्यार्थिगण भारत के पुनर्निर्माण एवम् पुनरुत्थान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

आवश्यक तिथियाँ

दिनांक	प्रक्रिया	स्थान	समय
06-03-2026 से 20-03-2026	प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण। पंजीकरण शुल्क 1000/- रुपये	स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल वेबसाइट	किसी भी समय
22-03-2026	कक्षा V के लिए ऑफलाइन परीक्षा	स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल, ज्वालापुर, हरिद्वार	प्रातः 08:30 से सायं 04:00 तक
23-03-2026 से 25-03-2026	स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल की वेबसाइट पर परिणाम की घोषणा	–	10:00 रात्रि
25-03-2026 से 31-03-2026	शुल्क जमा (केवल चयनित अभ्यर्थियों द्वारा)	–	–
01-04-2026	चयनित अभ्यर्थी स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल में रिपोर्ट करें।	स्वामी दर्शनानन्द गुरुकुल	9:00 प्रातः

मुख्य विशेषताएँ

वैदिक दिनचर्या · हवन · योग प्राणायाम · शास्त्र · परम्परागत विषयों का अध्ययन · आधुनिक विषयों का अध्ययन · खेल · सात्विक भोजन

प्रवेश परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम

कक्षा IV की NCERT पाठ्य पुस्तकें। हिन्दी व अंग्रेजी पठन कौशल।

* श्रीमद्भगवद् गीता 16वां अध्याय, सूर्य नमस्कार, यौगिक जॉगिंग, प्राणायाम कौशल का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

पंजीकरण व अन्य जानकारियों के लिए गुरुकुल की वेबसाइट पर जाएँ: **www.swamidarshananandgurukul.com** या संपर्क करें **+91-7217035970 / +91-8954555999**

नोट :

1. कृपया सभी नवीनतम सूचनाओं के लिए वेबसाइट www.swamidarshananandgurukul.com पर जाएँ।
2. कृपया अपने बच्चे को छात्रावास परिवेश के लिए प्रशिक्षित करें। विशेषकर शौचालय एवं स्नानागार के समुचित प्रयोग के बारे में अवश्य सिखाएं। उन्हें अपनी अलमारी में वस्त्र, पुस्तक आदि को व्यवस्थित रखने के लिए भी प्रशिक्षित करें। इससे बच्चे को अनुकूलता रहेगी।
3. वेबसाइट पर जाने के लिए QR Code Scane करें।

Swami Darshananand Gurukul, National Highway-58, Haridwar, Uttarakhand - 249404

+91-7217035970, +91-8954555999 | suchna@swamidarshananandgurukul.com | www.swamidarshananandgurukul.com